# Teacher Empowerment Program

20-30 June 2011

An initiative of MHRD (NMEICT)
conducted by MICROSOFT

**Banaras Hindu University**
The nodal centre for North India & North-East

| *Coordinated & Organized by :* | **Faculty of Management Studies, BHU** |
|---|---|

# Media Coverage of the programme

राष्ट्रीय सहारा
मंगलवार • 21 जून • 2011

# शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा बीएचयू



बीएचयू प्रबंध शास्त्र संकाय में सेमिनार। फोटो : एसएनबी

**वाराणसी (एसएनबी)।** बीएचयू को उत्तर व पूर्वोत्तर रीजन के शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का दायित्व सौंपा गया है। दस दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को बीएचयू प्रबंध शास्त्र संकाय में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से चिकित्सा विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, मंच कला संकाय, दृश्य कला संकाय, विधि संकाय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**▶ बीएचयू प्रबंध शास्त्र संकाय में 10 दिवसीय शिक्षक सशक्तीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ**

प्रबन्ध अध्ययन संकाय के रीडर डा. अभिजीत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में 50 फीसदी साफ्ट स्किल डेवलपमेन्ट के साथ ही तकनीकी दक्षता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षकों को आईसीटी चैम्पियन का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में माईक्रोसाफ्ट कार्पोरेशन के संदीप तोमर तथा शाहीन हैं जो प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता से रू-ब-रू करायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक भविष्य में अन्य संस्थानों में जाकर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। यह कार्यशला माइक्रोसाफ्ट कार्पोरेशन की ओर से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबन्ध अध्ययन संकाय में शिक्षण सशक्तीकरण के रूप में आयोजित की गयी है। प्रबन्ध अध्ययन संकाय के डीन प्रो एस के सिंह जो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक भी हैं ने कार्यशाला के महत्व को बताया। मानव संसाधन नेशनल मिशन फार एजूकेशन थ्रू आईसीटी का प्रचार प्रसार करने के लिए देश के चार चुनिन्दा उच्च शिक्षण संस्थानों के कुछ चयनित गैरतकनीकी शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम बनाया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय भी उन चुनिंदा उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल है जिसे यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। प्रथम दिन का प्रशिक्षण इन्ट्रोडक्शन सेशन के साथ शुरू हुआ।

**आंकड़ों के विश्लेषण में साफ्टवेयर प्रयोग : बीएचयू** सांख्यिकी विभाग एवं डी.एस.टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र की ओर से सोमवार को आंकड़ों के विश्लेषण में साफ्टवेयर के प्रयोग संबंधी कार्यशाला उद्घाटित हुई। कार्यशाला में साफ्टवेयर के तकनीकी ज्ञान सहित सांख्यिकी जानकारी दी जाएगी। केन्द्रीय मापन, विचरणशीलता, रैखिक व अरैखिक निरुपण, पूर्वानुमान, फैक्टर एनालिसिस जैसे मापकों की जानकारी दी।

वाराणसी, मंगलवार
21 जून, 2011

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# सीख रहे 'महारथी' बनाने की तरकीब

- प्रशिक्षण के लिए चयनित चार शिक्षण संस्थानों में बीएचयू भी
- शिक्षक सशक्तीकरण कार्यक्रम का कैंपस में शुभारंभ



सूचना संचार तकनीक के बारे में जानकारी देतीं विशेषज्ञ। जागरण

**वाराणसी, बीएचयू प्रतिनिधि :** सूचना संचार तकनीकी (आईसीटी) के जरिए नेशनल मिशन फार एजुकेशन के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है। गैर तकनीकी शिक्षकों को सूचना संचार तकनीकी की बारीकियों से दक्ष करने का 10 दिनी सिलसिला बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संकाय में सोमवार से आरंभ हो गया। इस इरादे से कि ये प्रशिक्षित शिक्षक अन्य संस्थानों में जाकर वहां के शिक्षकों को 'महारथी' बनाएंगे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल पर माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन के सहयोग से यह कवायद की जा रही है। सोमवार को शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम (टीचर्स इंपावरमेंट प्रोग्राम) के उद्घाटन अवसर पर संकाय प्रमुख व संयोजक प्रो. एसके सिंह ने इसके बारे में विस्तार से बताया। कहा कि नेशनल मिशन फार एजुकेशन थ्रू आईसीटी के प्रचार के लिए देश के चार संस्थानों को चुना गया है। इनमें बीएचयू भी एक है तथा इसे उत्तर एवं उत्तरपूर्व क्षेत्र के संस्थानों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का जिम्मा मिला है। बताया कि सूचना संचार तकनीकी के इस प्रशिक्षण में चिकित्सा विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, एसवीडीवी, मंच व दृश्य कला, विधि संकाय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। माइक्रोसाफ्ट कारपोरेशन के संदीप तोमर व शाहीन प्रशिक्षण दे रहे हैं। सह संयोजक डॉ. अभिजीत सिंह ने आभार जताया।

## साफ्टवेयर प्रयोग की बारीकियां संबंधी प्रशिक्षण

वाराणसी : कंप्यूटरों ने आकड़ों का विश्लेषण आसान कर दिया है। विश्लेषण से ही आगे की राह निकलती है। अगल -अलग कार्यों के लिए साफ्टवेयर भी भिन्न होते हैं। इसी कड़ी में बीएचयू में सांख्यिकी विभाग व इंटरडिसीप्लनरी मैथमेटिकल साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से साफ्टवेयर प्रयोग की बारीकियां सिखाने का क्रम शुरू हुआ। एसपीएसएस (स्टेटिस्टीकल पैकेज फॉर सोशल साइंटिस्ट) साफ्टवेयर के प्रयोग विषयक कार्यशाला 26 जून तक चलेगी। प्रो. केके सिंह ने बताया कि डॉ. बृजेश प्रताप सिंह व डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह प्रशिक्षण दे रहे हैं। आकड़ों से केंद्रीय मापन, पूर्वानुमान, फैक्टर एनालिसिस आदि के तरीके बताए जाएंगे।

TUESDAY, JUNE 21, 2011

hindustantimes

# Teachers' empowerment programme begins at BHU

**VARANASI:** A 10-day-long Teachers' Empowerment Programme (TEP) began at the Faculty of Management Sciences, BHU on Monday.

On the initiative of the ministry of human resource development (HRD), Government of India in its National Mission of Education through Information and Communication Technology (NME-ICT) has selected BHU as one the four nodal centres for TEP.

The programme began on Monday in collaboration with Microsoft Corporation.

The programme has been widely divided into soft skill development and technical skill development, focusing around ICT tools and the spread of NMEICT objective of teachers empowerment through ICT.

At the end of programme, the participants would be designated as ICT champions.

HTC

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार • 21 जून 2011

### सूचना व संचार तकनीकी के जरिये बढ़ाया जाएगा शिक्षण का स्तर, बीएचयू में प्रशिक्षण शुरू

# ताकि शिक्षकों का बदला जा सके नजरिया

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने देशभर में शिक्षकों का नजरिया बदलने का कार्यक्रम शुरू किया है। इसके लिए बीएचयू समेत चार प्रमुख शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया है। बीएचयू को नॉर्थ और नॉर्थ-ईस्ट क्षेत्र के शिक्षकों को सूचना व संचार तकनीकी के जरिये प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। यह कार्यक्रम माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन के सहयोग से चलाया जा रहा है।

सोमवार को बीएचयू के प्रबंध अध्ययन संकाय में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। संकाय प्रमुख प्रो. एसके सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में चिकित्सा विज्ञान संस्थान, कला संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, मंच कला संकाय, दृश्य कला संकाय, विधि संकाय के चुनिंदा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये शिक्षक बाद में अन्य संस्थानों में जाकर वहां के शिक्षकों का स्तरोन्नयन करेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षा और शिक्षण की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार लाना है।

**पहल**

- नेशनल मिशन फॉर एजुकेशन के लिए चार विश्वविद्यालय
- बीएचयू को दिया गया नॉर्थ व नॉर्थ ईस्ट रीजन के संस्थानों का जिम्मा
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय व माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन का प्रयास

इसके लिए मंत्रालय ने 'नेशनल मिशन फॉर एजुकेशन थ्रू आईसीटी' की परिकल्पना की और इसे अमली जामा पहनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ संयुक्त उपक्रम की शुरुआत कर दी। कार्यक्रम के सह संयोजक तथा प्रबंध अध्ययन संकाय के रीडर डॉ. अभिजीत सिंह के मुताबिक कार्यक्रम का आधा हिस्सा शिक्षकों की शिक्षण क्षमता में सुधार लाना है और शेष में उन्हें सूचना व संचार तकनीकी के जरिये शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षित शिक्षकों को बाद में आईसीटी चैंपियन का प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए माक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन के संदीप तोमर व शाहीन भी आई हैं।



बीएचयू के प्रबंधशास्त्र संकाय में आयोजित कार्यशाला में विचार व्यक्त करती शाहीन। • हिन्दुस्तान

**आंकड़ों के विश्लेषण पर कार्यशाला शुरू :** गणितीय आंकड़ों के विश्लेषण में सॉफ्टवेयर का उपयोग किस प्रकार किया जाय, इसका प्रशिक्षण सोमवार से बीएचयू के गणित विभाग के सेंटर फार इंटरडिसिप्लिनरी मैथमेटिकल साइंसेज में शुरू हो गया। इस कार्यक्रम में सांख्यिकी विभाग भी सहयोग है।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. केके सिंह ने बताया, 26 जून तक चलने वाली इस कार्यशाला में बीएचयू के शोध छात्रों व नवनियुक्त शिक्षकों को आंकड़ों के जरिये केंद्रीय मापन, विचरणशीलता, रैखिक व अरैखिक निरूपण, पूर्वानुमान, फैक्टर एनालिसिस के तरीके बताए जा रहे हैं। इसमें अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, सांख्यिकी, मेडिसिन, इंडोक्रीन विभाग, मनोविज्ञान विभाग तथा कृषि विज्ञान संस्थान के शोध छात्र-छात्राएं व शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में डॉ. बृजेश प्रताप सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह सहयोग दे रहे हैं।

THE TIMES OF INDIA

# Teacher empowerment prog begins at BHU

**Varanasi:** A 10-day teacher empowerment programme began at the Banaras Hindu University (BHU) on Monday. The programme is being organised by the varsity's Faculty of Management Studies (FMS).

The programme is the initiative of ministry of human resource development for the promotion of National Mission of Education through Information and Communication Technology (NMEICT) in association with Microsoft Corporation.

In the inaugural session, programme coordinator and dean S K Singh welcomed the participating teachers from various departments and affiliated colleges of BHU, and trainers Sandeep Tomar and Shaeen from Microsoft Corporation.

Deputy coordinator Abhijeet Singh said the programme has been divided into soft skill development and technical skill development focusing around ICT tools and the spread of NMEICT objective of teacher empowerment through ICT. TNN

the pioneer
VARANASI TUESDAY I JUNE 21, 2011

# BHU selected

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

The Ministry of Human Resource Development (HRD) under its initiative of the National Mission of Education through Information and Communication Technology (NMEICT) in association with Microsoft Corporation has selected Banaras Hindu University (BHU) to conduct a 10 days Teacher Empowerment Programme. BHU has given this responsibility to the Faculty of Management Studies (FMS) as the nodal organising unit for the conduct of the Empowerment Programme with the Dean Prof. SK Singh as the coordinator. In the inaugural 'Ice Breaking' session held at FMS, BHU here on Monday coordinator Prof. Singh welcomed the participating teachers from the various faculties, departments and affiliated colleges of the university along with the trainers Sandeep Tomar and Shaeen from Microsoft Corporation in the programme. Dr Abhijeet Singh, Deputy Coordinator of the Empowerment Programme, informed that the programme is being attended by University teachers from various streams like Medical Science, Law, Arts, Social Science, Sanskrit, Performing Arts and Management. The ten-day Empowerment Programme has been broadly divided into soft skill development and technical skill development focusing around ICT tools and the spread of the NMEICT objective of teacher empowerment through ICT. The objective of the programme is to empower teachers of the university to integrate Information Technology and Communication (ICT) in their teaching methodology and make them up to date with the latest development in information technology and communication.

-4 (मूवी मसाला) 20 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.00

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

नीतीश से मिले अन्ना हजारे P-09

वाराणसी । शुक्रवार ● 1 जुलाई ● 2011

राष्ट्रीयता । कर्त्तव्य । समर्पण

## एजूकेशन थ्रू इनफारमेशन कार्यशाला संपन्न

**वाराणसी।** बीएचयू प्रबंध शास्त्र संकाय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन की ओर से जारी एजूकेशन थ्रू इनफारमेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रबंध शास्त्र संकाय को अध्यापक सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित करने का नोडल सेंटर बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहें बीएचयू के रेक्टर प्रो. बीडी सिंह ने प्रतिभागी अध्यापकों को आईटीसी चैम्पीयन की उपाधी प्रदान की। अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन संकाय प्रमुख प्रो. एसके सिंह ने दिया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों संग प्रतिभागी उपस्थित थे।

---

THE TIMES OF INDIA

EPAPER.TIMESOFINDIA.COM

## Teacher-empowerment prog concludes at BHU

TIMES NEWS NETWORK

**Varanasi:** The 10-day teacher empowerment programme organised at the Faculty of Management Studies (FMS), Banaras Hindu University (BHU), concluded on Thursday.

The programme, named as Saksham, was organised by the ministry of human resource development under its National Mission of Education through Information and Communication Technology (NMEICT) in association with the Microsoft Corporation.

The programme was attended by 22 teachers from different departments of BHU and its affiliated colleges. The teachers were given 'ICT champion' certificates at the valedictory function.

According to programme's deputy co-ordinator Abhijeet Singh, these trained BHU teachers will now help the HRD ministry in carrying forward its mission of NMEICT in the north and north-eastern part of the country. The function was attended by rector B D Singh, dean S K Singh, director of Microsoft Corporation Lokesh Mehra etc.

hindustantimes

HINDUSTAN TIMES, LUCKNOW
FRIDAY, JULY 01, 2011

**PROGRAMME CONCLUDES**

The 10-day teacher empowerment programme, 'Saksham', conducted by the ministry of human resource development at the faculty of management studies, BHU, concluded on June 30.

The ministry conducted the empowerment programme in association with Microsoft Corporation, under its National Mission of Education through Information and Communication Technology (NMEICT).

BD Singh, rector, BHU, presided over the valedictory session. He said the university would welcome any such initiative that helps the growth and spread of higher education in the country in future also.

the pioneer
VARANASI FRIDAY | JULY 1, 2011

# Saksham concludes at FMS-BHU

**VARANASI:** The Ministry of Human Resource Development (HRD) under its initiative of the National Mission of Education through Information and Communication Technology (NMEICT) in association with Microsoft Corporation conducted a 10-day Teacher Empowerment Program which ended on Thursday. Faculty of Management Studies (FMS), Banaras Hindu University (BHU) was the nodal organising unit for the conduct of the Empowerment Programme at BHU.

Prof. BD Singh, Rector, BHU presided over the valedictory session held at FMS, BHU. He presented the certificate of ICT Champion to the participant teachers at the valedictory session. He was happy with this initiative of Microsoft to Empower Teachers in the skills of Information and Communication Technology and said that BHU will always be ready to lead and spread any such objectives of Ministry of Human Resource Empowerment that help the growth and spread of higher education in this country.

Lokesh Mehra, Director, Microsoft Corporation thanked the FMS and the university for the support in conducting the project Saksham and also informed that Microsoft will join hands with BHU for many such joint programmes.

Prof. SK Singh, dean, FMS, BHU and the coordinator of the Empowerment Programme informed that the Empowerment Program under the project "Saksham" of Microsoft was the first such attempt at BHU. Looking at the positive response which the BHU teachers have shown towards project Saksham the University will try to organise another programme in this series for the teachers of BHU and its affiliated colleges. Saksham is a Microsoft initiative to give impetus to the National Mission of Education through ICT of MHRD with a common objective to building connectivity and knowledge network among and within institutions of higher learning in the country. Dr. Abhijeet Singh, deputy coordinator of the Empowerment Programme said that the programme was attended by 22 teachers from different departments of BHU and its affiliated colleges. The teachers were from subject areas of Medical Science, Sanskrit, Performing Arts, Social Science, Law and Management. At the end of the Saksham training programme the teachers were certified as ICT Champions by Microsoft and NMEICT. PNS